तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

13 सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो ...



14 जोक नदी के अस्तित्व पर मंडराया खतरा, रात के ...



खबर संक्षेप



अवैध रूप से शराब बिक्री करते पुलिस ने दबोचा कोचिया गिरफ्तार

सिमगा। सिमगा पुलिस द्वारा बेमेतरा तिराहा सिमगा के पास घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए एक आरोपी सुरेश निषाद उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम जमघट थाना बेरला जिला बेमेतरा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से कुल 4300 कीमत मूल्य का 43 पाव देशी मसाला शराब तथा अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त अल्टो कार क्र. सीजी 05 एफ 1605 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिमगा में धारा 34(2) आबकारी के तहत पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की गई है।

लापरवाही पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 3 रोजगार सहायक बर्खास्त

बलौदाबाजार । विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन(वीबी -जी राम जी)के प्रभावी क्रियान्वयन तथा ग्राम पंचायत स्तर पर सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने वाले ग्राम रोजगार सहायकों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई करते हुए 3 ग्राम रोजगार सहायकों की सेवा समाप्त की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी के ग्राम रोजगार सहायक रामकुमार यादव, जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनाखान के ग्राम रोजगार सहायक अर्जुन सिंह ठाकुर तथा जनपद पंचायत पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत बिजरडीह के ग्राम रोजगार सहायक महेंद्र कोसले को उनके दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही के कारण सेवा से पृथक किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि वीबी -जी राम जी के अंतर्गत रोजगार सृजन, श्रमिक नियोजन, स्वीकृत कार्यों का समयबद्ध क्रियान्वयन, अभिलेखों का संधारण एवं शासन के निर्देशों का पालन ग्राम स्तर पर पदस्थ संबंधित अमले की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इन दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही, अनियमितता अथवा शासकीय निर्देशों की अवहेलना पाए जाने पर नियमानुसार कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

नगर में निकाली सेवा ज्योति रैली



सिमगा। विकसित भारत संकल्प सेवा ज्योति यात्रा 25 वर्ष जन सेवा से राष्ट्र सेवा पूर्ण होने पर आज बुधवार को नगर पालिका परिषद् सिमगा क्षेत्रांतर्गत सेवा ज्योति यात्रा निकाली गई। यह रैली नगर पालिका भवन से जय स्तम्भ चौक होते हुए तिगड्डा चौक से भारत माता की जय घोष के नारो के साथ रैली पुनः नगर पालिका भवन में आकर समाप्ति की गई। इस रैली में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष विकास सोनकर, एल्डरमेन अभिजित अवस्थी, रूखमणी साहू, शारदा भोसले एवं नगर पालिका परिषद के कर्मचारी पुष्कर नायक सहायक राजस्व निरीक्षक, जाबीर अली सहा. ग्रेड-03, रघुनाथ साहू परसराम साहू, स्वच्छता दीदीयां विशेष रूप से सम्मिलित हुए।

गर्भवती और शिशुवती माताओं के स्वास्थ्य, पोषण के प्रति जागरूकता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

छरछेद पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ आंगन मिलन कार्यक्रम

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम पंचायत छरछेद के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 03 में 'आंगन मिलन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती माताओं, शिशुवती माताओं, बच्चों, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण तथा समुचित विकास को लेकर जागरूकता बढ़ाना और शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग छरछेद सेक्टर की महिला पर्यवेक्षक तनूजा घृतलहरे, जनपद सदस्य लीजा सिद्धांत मिश्रा एवं ग्राम पंचायत छरछेद के सरपंच भरत दास मानिकपुरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

इनकी रही सहभागिता

कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं अंजनी कोसले, चंद्रकांता साहू, मीना पावले एवं रुखमणि कोसले की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं मितानिन पूर्णिमा भट्ट सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में शिशुवती माताएं, गर्भवती माताएं, बच्चे एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



माताओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

आंगन मिलन' कार्यक्रम में शिशुवती माताओं एवं गर्भवती महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के साथ विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की गईं। उपस्थित ग्रामीणों को आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि बच्चों के स्वस्थ भविष्य की नींव बचपन से ही मजबूत करनी जरूरी है।

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर दिया जोर

कार्यक्रम के दौरान गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, स्वच्छता तथा बच्चों के उचित देखभाल के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका तथा प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के महत्व पर भी चर्चा की गई। महिला एवं बाल ⏭शेष पेज 12 पर

धोखाधड़ी : फर्जी नियुक्ति पत्र थमाकर युवक को भेजा आबकारी कार्यालय

शराब दुकान में नौकरी के नाम पर 2.09 लाख की ठगी, पूर्व भाजपा नेता के खिलाफ पांचवा मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार





पुलिस ने दर्ज किया अपराध

भाटापारा शहर पुलिस ने विष्णु कुमार वर्मा की शिकायत पर कृष्णा अवस्थी और प्रणव अवस्थी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 338(3) एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है। थाना प्रभारी अमित पाटले के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ पहले से दर्ज मामलों और उनसे जुड़े साक्ष्यों को भी जांच में शामिल कर रही है।

फर्जी तबादला आदेश और नौकरी लगाने के नाम पर कथित ठगी के मामलों में जेल में बंद भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी और उनके पुत्र प्रणव अवस्थी की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। अब भाटापारा शहर थाने में दोनों के खिलाफ शराब दुकान में सेल्समैन की नौकरी दिलाने के नाम पर 2.09 लाख रुपए की कथित ठगी और फर्जी नियुक्ति पत्र देने का मामला दर्ज हुआ है। यह दोनों के खिलाफ सामने आया पांचवां मामला बताया जा रहा है।

अर्जुनी शराब दुकान में नौकरी का दिया भरोसा

भाटापारा के संत माता कर्मा वार्ड निवासी विष्णु कुमार वर्मा की शिकायत के अनुसार वह बेरोजगार था। इसी दौरान प्रणव अवस्थी ने उसे बताया कि उसके पिता कृष्णा अवस्थी भाजपा के जिला महामंत्री हैं और उनकी राजनीतिक पहुंच के जरिए अर्जुनी देशी मंदिरा दुकान में सेल्समैन की नौकरी लगवाई जा सकती है। इसके लिए 2 लाख 9 हजार रुपए की मांग की गई। शिकायतकर्ता के मुताबिक उसने भरोसा करते हुए 6 जून से 1 जुलाई 2026 के बीच अलग-अलग किश्तों में आरोपियों के मोबाइल नंबर और बैंक खातों में कुल 2.09 लाख रुपए जमा किए। रकम लेने के बाद प्रणव अवस्थी की ओर से उसे नियुक्ति पत्र दिया गया।

आबकारी कार्यालय पहुंचने पर हुआ शक

नियुक्ति पत्र मिलने के बाद विष्णु रायपुर स्थित आबकारी आयुक्त कार्यालय पहुंचा। वहां उसे कथित तौर पर तीन-चार घंटे इंतजार कराया गया। इसके बाद नियुक्ति पत्र की सत्यता पर संदेह होने पर उसने संबंधित स्पेक्ट्रम कंपनी से संपर्क किया। इसके बाद पीड़ित ने अपनी रकम वापस लेने के लिए ग्राम रिसदा पहुंचकर आरोपियों से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन शिकायत के अनुसार कृष्णा और प्रणव दोनों घर से चले गए। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

फर्जी ट्रांसफर से खुलती गई मामलों की परतें

गौरतलब है कि रोहांसी में पदस्थ आरएमए करण देवांगन के नाम पर कथित फर्जी तबादला आदेश तैयार किए जाने के मामले से कृष्णा अवस्थी और उनके पुत्र प्रणव की गतिविधियां पुलिस जांच के दायरे में आई थीं। इस मामले में दोनों समेत छह आरोपी जेल में हैं। इसके बाद बीज एवं कृषि विकास निगम में नौकरी दिलाने के नाम पर कथित फर्जी नियुक्ति पत्र जारी करने और दो लाख रुपए लेने, शराब दुकान में नौकरी लगाने के नाम पर 50 हजार रुपए लेने तथा नौकरी के नाम पर छह लाख रुपए की कथित ठगी जैसे मामले भी सामने आ चुके हैं। अब भाटापारा में 2.09 लाख रुपए की कथित ठगी का मामला दर्ज होने से पिता-पुत्र के खिलाफ दर्ज मामलों की संख्या और बढ़ गई है।

90 लाख के कथित फर्जी वर्क ऑर्डर की भी चर्चा

इधर, प्रशासनिक हलकों में पंचायत विभाग से जुड़े करीब 90 लाख रुपए के कथित फर्जी वर्क ऑर्डर को लेकर भी चर्चा है। कथित तौर पर इसी आधार पर फर्जी वर्क ऑर्डर जारी कर उनके अनुरूप सरपंचों से एडवांस कमीशन लिए जाने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि कुछ सरपंचों ने संबंधित वर्क ऑर्डर की विभागीय स्तर पर पुष्टि कराई तो उनके फर्जी होने की जानकारी सामने आई। हालांकि, अभी तक किसी कथित पीड़ित सरपंच की ओर से पुलिस शिकायत अथवा सार्वजनिक रूप से सामने आने की आधिकारिक ⏭शेष पेज 12 पर

अज्ञात ट्रेलर की टक्कर से युवक घायल डायल 112 ने पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल



- छांछी हाईस्कूल के सामने हुआ हादसा

थाना कसडोल क्षेत्र के ग्राम छांछी में मंगलवार रात सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पैदल जा रहे युवक को तेज रफ्तार अज्ञात ट्रेलर ने टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 कसडोल की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और घायल युवक को बिना देरी किए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल पहुंचाकर उपचार की व्यवस्था कराई।

जानकारी के अनुसार घटना 6 अक्टूबर 2026 की रात करीब 8:41 बजे ग्राम छांछी हाईस्कूल के सामने की है। हादसे में सूरज जांगड़े, पिता स्व. धनीराम जांगड़े, उम्र 33 वर्ष, निवासी बड़े जरौद, थाना भाटापारा ग्रामीण घायल हो गए। बताया गया कि सूरज जांगड़े छांछी से सेल की ओर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए अज्ञात ट्रेलर ने उन्हें टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके बाएं घुटने में गंभीर चोट आई है, जबकि पीठ और छाती में भी चोटें बताई गई हैं।

सूचना मिलते ही डायल 112 कसडोल की टीम के आरक्षक क्रमांक 371 आशुतोष बंजारे एवं चालक केशव प्रसाद साहू घटनास्थल पर पहुंचे। घायल की स्थिति को देखते हुए टीम ने समय गंवाए बिना उसे डायल 112 वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों को दुर्घटना की जानकारी दी गई, जिसके बाद घायल का उपचार शुरू किया गया।

समय पर मदद बनी राहत

सड़क हादसे के बाद डायल 112 की टीम ने जिस तत्परता से मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल पहुंचाया, उससे उसे समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकी। रात के समय हुई दुर्घटना में पुलिस की त्वरित रिस्पांस कार्रवाई ने एक बार फिर आपातकालीन सेवा की उपयोगिता को सामने रखा।

डेटा-आधारित हाइपरलोकल इंटरवेंशन पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



- डेटा एवं प्रमाण आधारित सड़क सुरक्षा की दी गई जानकारी

डेटा-आधारित हाइपरलोकल इंटरवेंशन कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

यह कार्यशाला जिले में कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत का प्रतीक है तथा जिले में सड़क सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के माध्यम से डेटा-आधारित, स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप तथा प्रमाण-आधारित सड़क सुरक्षा उपायों को बढ़ावा दिया जाएगा। एक सामान्य व्यवस्था के बजाय जिले की विशिष्ट सड़क सुरक्षा चुनौतियों एवं जोखिम कारकों पर केंद्रित है। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर संस्थागत क्षमता को मजबूत करना, प्रमाण-आधारित सड़क सुरक्षा संबंधी निर्णय लेने की प्रक्रिया को बेहतर बनाना तथा विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों से उपयुक्त सड़क सुरक्षा उपायों की पहचान, प्राथमिकता निर्धारण एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। इस सहयोगात्मक एवं समन्वित प्रयास के माध्यम से जिले में सड़क सुरक्षा में दीर्घकालिक एवं सतत सुधार लाने तथा सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली जनहानि को कम करने में योगदान देने का लक्ष्य है। इस अवसर पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोड सेफटी मद्रास के प्रोजेक्ट इंजीनियर हेमेंद्र शर्मा, अपर कलेक्टर एआर टंडन सहित सड़क निर्माण एवं संधारण एजेंसियों, पुलिस, परिवहन, यातायात तथा स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मृतक परिवार को संगठन ने दी 30 हजार की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़



शासकीय प्राथमिक शाला बेलटिकरी के प्रधान पाठक एवं साहू समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी स्वर्गीय बैसाखू राम साहू के निधन के बाद उनके दशगात्र कार्यक्रम से पूर्व प्राथमिक शाला प्रधान पाठक संघ, विकासखंड बिलाईगढ़ के सदस्यों एवं अन्य शिक्षक संगठनों के शिक्षक साथियों ने उनके परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

संगठन के सदस्यों एवं शिक्षक साथियों ने मिलकर स्वर्गीय बैसाखू राम साहू की धर्मपत्नी को 30 हजार रुपये की सहयोग राशि नगद प्रदान की। वहीं शासन की ओर से भी 50 हजार रुपये की राशि स्वर्गीय साहू की धर्मपत्नी के बैंक खाते में जमा कराई गई है। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष यादराम हिरवानी ने कहा कि दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़ा होना संगठन की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि संगठन की ओर से यह छठा सहयोग है। उन्होंने आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले सभी शिक्षक साथियों का आभार व्यक्त किया। शिक्षक साथियों ने शासन से स्वर्गीय साहू के आश्रित को शीघ्र अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने की मांग की। साथ ही आश्रित परिवार के लिए आगे भी आवश्यक सहयोग करने पर सहमति जताई। आर्थिक सहयोग राशि प्रदान करने के दौरान प्रमुख रूप से कामता प्रसाद साहू, भागवत प्रसाद साहू, रामशरण केशरवानी, प्रसन्न कुमार चन्द्रा, पुरंदर सिंह दीक्षित एवं गजानंद साहू सहित अन्य शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

'हर घर मुनगा' अभियान के तहत किया पौधारोपण

बच्चों को कराया नेवता भोज, महिलाओं ने मेहंदी, रंगोली और कुर्सी दौड़ में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधपुरी



सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम पंचायत साहड़ा सेक्टर वटगन में 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यादायिनी मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में बच्चों को नेवता भोज कराया गया। वहीं महिलाओं के लिए मेहंदी, रंगोली एवं कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद प्रतिनिधि एवं उपाध्यक्ष युवा मोर्चा मंडल रोहांसी मोकेश चंद्राकर ने कहा कि मातृशक्ति और नौनिहालों का उत्तम स्वास्थ्य ही देश की असली प्रगति है। आंगन मिलन सेवा के माध्यम से स्वास्थ्य और पोषण को लेकर बेहतर कार्य किया जा रहा है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक पौष्टिक आहार पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पोषण, शिक्षा, आर्थिक सहायता और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाएं महिलाओं और बच्चों के जीवन को नई दिशा दे रही हैं।

सरपंच गोविंद साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे 'सेवा संकल्प अभियान' की जानकारी मातृशक्ति को दी। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में मदद मिल रही है।

कार्यक्रम के दौरान 'हर घर मुनगा' अभियान के तहत मुनगा पौधरोपण भी किया गया। इसके माध्यम से ग्रामीणों को मुनगा के पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्व की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में आंगन मिलन सेवा की नोडल अधिकारी लक्ष्मी ढीढी ने उपस्थित सभी अतिथियों, मातृशक्ति, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता मदन श्री लाल साहू, परसराम साहू, भेखू राम यादव, होम राम साहू, उपसरपंच चंपा देवी साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीनू ममता, गिरजा मंडलेकर, सुलेखा चेलक, यशोदा वर्मा, नीलिमा आजाद, सहायिका भारती कनौजे, मीणा देवदास, कुंती चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं आंगनबाड़ी के नन्हे मुन्ने बच्चे उपस्थित रहे।

लहलहाती धान की फसलों से किसानों में खुशी, दशहरा तक कटाई शुरू होने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ करहीबाजार

क्षेत्र में इन दिनों खेतों में लहलहा रही धान की फसल किसानों के चेहरों पर खुशी झलक रही है। धान की बोवाई से लेकर अब तक फसल को जब-जब पानी की आवश्यकता पड़ी, तब-तब समय पर हुई बारिश ने किसानों का साथ दिया। पर्याप्त वर्षा के चलते इस वर्ष धान की फसल अच्छी स्थिति में नजर आ रही है।करहीबाजार सहित आसपास के गांवों में खेतों में धान की फसल अब पकने की ओर अग्रसर है। फसल की अच्छी बढ़वार और अनुकूल मौसम को देखते हुए किसानों को उम्मीद है कि इस बार धान की कटाई निर्धारित समय पर शुरू हो जाएगी।

किसानों के बीच चर्चा है कि यदि मौसम इसी तरह अनुकूल रहा तो दशहरा पर्व तक कई खेतों में धान की कटाई शुरू हो सकती है। समय पर बारिश होने से किसानों को सिंचाई की चिंता से भी काफी राहत मिली है।

खेतों में लहलहाती फसल देखकर किसान इस वर्ष अच्छी उपज की उम्मीद लगाए हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों खेतों की हरियाली और पकती धान की बालियां किसानों की मेहनत की सफलता की तस्वीर पेश कर रही हैं।

खबर संक्षेप

10 लीटर महुआ शराब जब्त

महासमुंद। सांकरा से टेमरी जाने के मार्ग में पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। सांकरा पुलिस ने बताया कि मुखबीर से मिली सूचना के बाद आरोपी रोहिदास पटेल पिता पाड़े पटेल (55 साल) देवसराल थाना सांकरा के कब्जे से कुल 10.800 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 3000 रुपए को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

एक्सीडेंट से मौत के मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

महासमुंद। एक्सीडेंट से हुई एक व्यक्ति के मौत के मामले पिथौरा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि पिथौरा थाना के मर्ग क्रमांक 43/2026 धारा 194 बीएनएसएस मृतक अली हुसैन पिता लाल मोहम्मद (47 वर्ष) हरचंदा थाना कांटी जिला मुजफ्फरपुर बिहार हाल निवास भोला ढाबा जामपाली की मर्ग जांच किया। मर्ग जांच में पाया गया कि मृतक अली हुसैन 15/06/2026 को अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचई 3828 से सिंधुपाली की ओर से पिथौरा की ओर आ रहा था, एनएच 53 रोड पोटापारा के पास पहुंचने पर रायपुर की ओर से सरायपाली की ओर जा रहे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचई 7202 के चालक तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट में घायल अली हुसैन को प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी पिथौरा ले जाये गया, जहां से रेफर करने पर डीकेस रायपुर ले गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

बिजली सब-स्टेशन में ऑपरेटर के साथ मारपीट

महासमुंद। बिजली सब स्टेशन नवरंगपुर के ऑपरेटर के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किय गया है। पुलिस को बिजली सब स्टेशन में तैनात ऑपरेटर मृत्युंजय पटेल ने बताया कि 05 सितंबर को 11 बजे ग्राम नवरंगपुर के खगेश्वर साहू ने सब स्टेशन में आकर बिजली बंद होने की बात को लेकर उसके साथ गाली गलौज किया था। इसके बाद पुनः लगभग 11:15 बजे खगेश्वर साहू अपने साथ गांव के केशव साहू और राजेश साहू को लेकर सब स्टेशन नवरंगपुर में आया और तीनों ने मिलकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किया।

निधन

चंद्रिका प्रसाद

बलौदाबाजार। नगर के सिविल लाइन निवासी चंद्रिका प्रसाद ठाकुर का बुधवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार को निज निवास से मोक्ष धाम के लिए सुबह 10 बजे निकलेगी।



पेज 11 के शेष...

शराब दुकान में ...

जानकारी नहीं है। इसलिए 90 लाख रुपए के इस कथित मामले की स्वतंत्र पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है। यदि संबंधित सरपंच औपचारिक शिकायत करते हैं तो मामले की वास्तविकता और इसमें शामिल लोगों की भूमिका स्पष्ट हो सकेगी। अब जांच के दायरे पर नजर : लगातार सामने आ रहे मामलों के बाद पुलिस के सामने कथित आर्थिक लेन-देन की पूरी कड़ी खंगालने की चुनौती है। खासकर पिता-पुत्र के बैंक खातों में हुए लेन-देन, नौकरी के नाम पर जारी किए गए दस्तावेज और विभिन्न शिकायतकर्ताओं से संपर्क की जांच महत्वपूर्ण मानी जा रही है। फिलहाल भाटापारा शहर पुलिस ने नए मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

गर्भवती और शिशुवती ...

विकास विभाग की ओर से माताओं को बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देने, समय पर टीकाकरण कराने तथा स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या की स्थिति में स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया।

गर्भवती और शिशुवती माताओं के लिए स्वास्थ्य व पोषण पर दिया जोर

आंगन मिलन में स्वास्थ्य के लिए मुनगा का गिनाया महत्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

ग्राम धमनी के नीमचौक में महिला एवं बाल विकास विभाग की सेक्टर प्रभारी दीक्षा ठाकुर के निर्देशन तथा वन प्रबंधन समिति धमनी के अध्यक्ष रामनारायण यादव के संचालन में आंगन मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह के दौरान सेक्टर प्रभारी दीक्षा ठाकुर ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बच्चों, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के लिए स्वास्थ्य व पोषण के महत्व को समझाया। उन्होंने विशेष रूप से मुनगा की भाजी और फल के पौष्टिक गुणों की जानकारी दी। वहीं मुख्य अतिथि रोहासी अध्यक्ष विजय कोशले ने आयोजन की सराहना करते हुए मुनगा से बनने वाली खास और पौष्टिक रेसिपी के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अंजू यदु, सरिता पैकरा, हेमंत कन्नौजे तथा सहायिका जामुन यादव व नीरज मिश्रा का विशेष प्रयास रहा। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए तीनों आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत धमनी के सरपंच हरदयाल पैकरा को भी सम्मानित किया गया।

अपने समापन भाषण में सरपंच हरदयाल पैकरा ने आंगनवाड़ी के तीनों केंद्रों, स्व-सहायता समूहों और मितानिनों को पंचायत की ओर से खिलौनों के पैकेट प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों, ग्रामीणों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि हाईस्कूल धमनी की अध्यापिका अर्चना बरिहा, जनपद सदस्य चंद्रकुमार पैकरा, सचिव दीनदयाल कन्नौजे, बिहसराम कलिहारी, बुधारू साहू, कमलेश चतुर्वेदी, लखन यादव, वरिष्ठ नागरिक बोधन सिंह ठाकुर सहित महिला कमांडो दल की पदाधिकारी व सदस्य, गर्भवती एवं शिशुवती महिलाएं, स्व-सहायता समूहों की महिलाएं और छोटे-छोटे बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

मोहरा आंगनबाड़ी में सेवा संकल्प आंगन मिलन कार्यक्रम



हिरमी रावन। मोहरा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-1 मे महिला बाल विकास परियोजना ने सेवा संकल्प आंगन मिलन समारोह विभिन्न गतिविधियों का आयोजन उत्साह एवं धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम में पोषण प्रदर्शनी, आकर्षक रंगोली, पौष्टिक आहार की जानकारी, पौधरोपण एवं बच्चों को पौष्टिक स्वल्पाहार वितरण सहित विभिन्न कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम में पोषक तत्वों से भरपूर अनाज, दाल, हरी सब्जियां, फल एवं अन्य खाद्य सामग्री प्रदर्शित की गई। आकर्षक रंगोली के माध्यम से भी संतुलित एवं पौष्टिक आहार का संदेश दिया गया। उपस्थित महिलाओं एवं ग्रामीणों को बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं के स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक एवं संतुलित आहार के महत्व की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मोहरा सरपंच तारिणी जवाहर वर्मा ने कहा कि स्वस्थ एवं सुपोषित बच्चे ही देश का भविष्य हैं। बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से मिलने वाली पोषण सेवाओं का लाभ लेने तथा शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य पुष्पा सुखनंदन चेलक, मंतराम बंजारे, सुपरवाइजर चित्रलेखा सिरमौर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना वर्मा, चंद्रिका वर्मा, कौशल्या पूरेना सहायिका जागृति वर्मा, वृंदा वर्मा लक्ष्मी वर्मा एवं मितानिनगण, प्रकाश वर्मा, नम्मू देवांगन, डॉ. उमेश साहू, देवेंद्र कुमार वर्मा सहित महिलाएं, बच्चे एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

असौंदा में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम



खरोरा। ग्राम पंचायत असौंदा में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत तिल्दा के उपाध्यक्ष दुलारी सुरेन्द्र वर्मा व अतिथि के रूप में पूर्व जनपद सदस्य डॉ सुरेन्द्र वर्मा, उपसरपंच रवि तुकाने, निखिल वर्मा व युवा मोर्चा मंडल महामंत्री शेषनारायण वर्मा, सचिव बुधराम वर्मा उपस्थित थे। यह अभियान नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा। इसका उद्देश्य विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत की ओर आगे बढ़ना है और लक्ष्य को पूरा करना है। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष दुलारी सुरेन्द्र वर्मा ने पोषण पर हल्का पुल्का चर्चा के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व मितानिनों को साड़ी और श्रीफल से सम्मान किया और गर्भवती माताओं का पुंसवन संस्कार (गोद भराई) का व 6 माह के शिशुओं के मुंह, जूठाई का भी कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत असौंदा के पंचों सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिनों सहित ग्राम की माताएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

आंगनबाड़ी में मनाया आंगन मिलन समारोह

सिमगा। समीपस्थ ग्राम ओटगन के आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व मितानिनों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नगरपालिका तिल्दा की पार्षद रानी जैन, सरपंच हिमांशु तिवारी, भाजपा नेता सौरभ जैन, उपसरपंच खेमिन ध्रुव, सुपरवाइजर प्रियंका तिवारी शामिल हुए। राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत पोषण जागरूकता राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार, स्थानीय एवं मौसमी खाद्य पदार्थों के उपयोग, व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल, एनीमिया से बचाव तथा स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में जागरूक किया गया। तत्पश्चात गर्भवती माताओं की गोद भराई के बाद न्योता भोज कार्यक्रम किया गया। अंत में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं शकुंतला दुबे, सीमा श्रीवास, मितानीन सरस्वती सिंह, पुष्पा जगताप को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मिडिल स्कूल के प्रधानपाठिका संगीता बंजारे, सहायिका गोमती ध्रुव, प्रियंका यदु, पंचगण व ग्रामीण उपस्थित रहे।



शहर के हाईस्कूल मैदान में रास गरबा महोत्सव 11 से, हुआ भूमिपूजन कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



दुर्गा वाहिनी रास गरबा महोत्सव 2026 की तैयारियों के क्रम में बुधवार 07 अक्टूबर को शहर के हाईस्कूल मैदान में महोत्सव स्थल का विधिवत भूमिपूजन कार्यक्रम हुआ। नगर पुरोहित पंकज महाराज के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भूमिपूजन कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने माता रानी से महोत्सव के सफल आयोजन तथा नगरवासियों के सुख, समृद्धि एवं मंगल की कामना की। दुर्गावाहिनी रास गरबा महोत्सव का आयोजन विश्व हिंदू परिषद एवं सर्व हिंदू समाज के तत्वावधान में किया जा रहा है। महोत्सव का उद्देश्य नवरात्रि के पावन पर्व को भक्ति, संस्कृति और संस्कार के साथ परिवार सहित मनाने का संदेश देना है। आयोजन में पारंपरिक एवं मर्यादित गरबा के साथ प्रतिदिन 10 मिनट का बौद्धिक सत्र भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें धर्म, संस्कृति, संस्कार एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। दुर्गावाहिनी रास गरबा महोत्सव 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2026 तक चलेगा, जो प्रतिदिन हाईस्कूल मैदान में शाम 7 बजे से शुरू होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, देवेंद्र दुबे, भरत चंद्राकर, विपिन बिहारी महंती, विहिप जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन चंद्राकर, अखिलेश लुनिया, लोकेश कुमार दावड़ा, चन्द्रबदन मिश्रा, आरएस चंद्राकर, आनंद साहू, देवनारायण बिसेन, रितेश गोलछा, कौशलेंद्र चंद्राकर, शैलेश गुप्ता, हेमंत अम्बिलकर, प्रदीप वर्मा, कुम्बज चंद्राकर, चंदन नेताम, राहिल गुप्ता, रामेश्वर गोलू साहू, कान्हा प्रधान एवं रुद्र नामदेव सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

किराना दुकान में घुसकर मारपीट और लोहे के बाट से हमला,दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार-भाटापारा गौरव राय (भा.पु.से.) के कुशल निर्देशन, में जिले में आपराधिक गतिविधियों व मारपीट की घटनाओं में संलिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में थाना पलारी पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रार्थी के नवनिर्मित मकान में स्थित किराना दुकान में जबरन घुसकर गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी व मारपीट करने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।



पुलिस कार्यवाही एवं आरोपियों की गिरफ्तारी

विवेचना के दौरान थाना पलारी पुलिस द्वारा आरोपियों की खोजबीन कर उनसे कड़ाई से पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने अपराध घटित करना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे का 01 कि.ग्रा. का बाट विधिवत जप्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

घटना एवं अपराध का विवरण : प्रार्थी तोमन मांडले (निवासी परसवानी, थाना पलारी) द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी आरोपी चंद्रप्रकाश टंडन एवं हेमंत टंडन द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थी के नवनिर्मित मकान में स्थित किराना दुकान में जबरन प्रवेश कर गालियां दी गई।

आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्के एवं लोहे के बाट से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाई गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्र. 390/2026 दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रार्थी का सीएचसी पलारी में चिकित्सीय मुलाहिजा कराया गया तथा घटनास्थल का निरीक्षण व प्रार्थी व गवाहों के कथन के आधार पर प्रकरण में धारा 333 BNS जोड़ी गई।

खेत से सोलर पंप चोरी के मामले में दो नाबालिगों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम गिधामुड़ा के खेत से सोलर पंप, वायर चोरी और पैनल में तोड़फोड़ के मामले में बसना पुलिस ने दो नाबालिगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में चोरी का सामान और बाइक बरामद किया है।

पुलिस ने बताया कि संपत्ति संबंधी अपराधों और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लगातार सख्त और त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना बसना पुलिस ने एक किसान के खेत से हुई चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली है। प्रार्थी बेदलाल साव (निवासी ग्राम गिधामुड़ा) ने थाना बसना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके खेत में लगे पंप, पाइप और केबल वायर को दिनांक 28 से 29 सितंबर की रात अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है और सोलर पैनलों को पत्थर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बसना में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि बस स्टैंड बसना के पास दो लड़के मोटरसाइकिल से घूम रहे हैं और चोरी के तांबे का केबल वायर सस्ते दामों में बेचने की फिराक में हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम ने गवाहों के साथ बस स्टैंड की घेराबंदी कर दो संदेही बालकों को पकड़ा। पूछताछ करने पर उन्होंने ग्राम गिधामुड़ा से रात के समय चोरी करना स्वीकार किया। दोनों आरोपी विधि से संघर्षरत बालक (नाबालिग) पाए गए। बालकों की निशानदेही पर केबल वायर पंप और घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल को पुलिस ने विधिवत जब्त कर घटना में शामिल नाबालिग के विरुद्ध किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम के तहत वैधानिक करते हुए अग्रिम वैधानिक कार्रवाई हेतु किशोर न्याय बोर्ड (महासमुंद) के समक्ष प्रस्तुत कर बाल संप्रेषण गृह भेजा जा रहा है।

गुजरात से गिरफ्तार हुआ गांजा मामले का आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गांजा मंगाने वाले आरोपी को पुलिस ने गुजरात से गिरफ्तार किया है। एएनटीएफ और कोमाखान पुलिस ने इस मामले में पूर्व में एक आयशर ट्रक से 32.070 किलो गांजा (कीमती 16,03,500 रुपए) की तस्करी करते 02 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था।

पुलिस ने ताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स एवं सभी थाना चौकी को अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी तथा इंड टू इंड एवं फाइनेशियल इनवेस्टिगेशन, सोर्स प्वाइंट, डेस्टिनेशन प्वाइंट पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देश है।

जिसके तहत गांजा तस्करों के पूरे चेन को ध्वस्त करने 'एंड-टू-एंड' कार्रवाई की जा रही है। थाना कोमाखान पुलिस ने ऑपरेशन निश्चय के तहत अंतरराज्यीय गांजा तस्करों के नेटवर्क में से, गांजा मंगाने वाला (फॉरवर्ड लिंक) कृष्णचंद प्रधान को सूरत (गुजरात) से गिरफ्तार किया गया है।

मामला इस प्रकार से है कि दिनांक 05-07-26, थाना कोमाखान पुलिस को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर एक आयचर ट्रक क्रमांक जीजे19 वाय 3344 में 02 व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन कर रहेहैं। इसके बाद ग्राम टेमरी जांच नाका के पास उक्त ट्रक सवार को रोककर नाम पता पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम प्रदीप महापात्र पिता त्रिनाथ महापात्र (52 साल) निवासी तलरामपल्ली थाना कोदला जिला गंजाम ओडिशा व दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम हाडुबंधु स्वांई पिता रंकनिधि स्वांई (47 साल) निवासी बादरखपल्ली थाना कोदला जिला गंजाम ओडिशा का रहने वाला बताया। पुलिस पुछताछ में आरोपियों ने गांजा तस्करी की बात कबूल की थी तथा



वे इस गांजा को बेगुनियापड़ा गंजाम (ओडिशा) से ले जाकर सूरत (गुजरात) खपाने के लिए ले जा रहे थे। आरोपियों के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने पर धारा 20(B)(II) (C) 29 एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर मामले की जांच की जा रही थी।

मामले की तफ्तीश पर गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ में पता चला कि, वे इस गांजा को बेगुनियापड़ा गंजाम (ओडिशा) से सूरत (गुजरात) कृष्णचंद प्रधान नाम के व्यक्ति के लिए लेकर जा रहे थे।। विवेचना के दौरान प्राप्त सुराग, तकनीकी एवं डाटा एनालिसिस की मदद से गांजा मंगाने वाले (फारवर्ड लिंक) कृष्णचंद प्रधान पिता भास्कर प्रधान उम्र 42 साल निवासी अमरोली सूरत (गुजरात) को अमरोली जिला सूरत (गुजरात) से गिरफ्तार किया।

अकाल पुरख की फौज की प्रदेश स्तरीय पारिवारिक मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



अकाल पुरख की फौज द्वारा प्रदेश स्तरीय सदस्यों एवं उनके परिवारों के लिए रायपुर में आयोजित पारिवारिक मिलन समारोह हर्षोल्लास, उमंग, पारिवारिक आत्मीयता और सामाजिक एकता के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

अकाल पुरख की फौज के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह दत्ता ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि संगठन के सदस्यों एवं उनके परिवारों को एक-दूसरे के करीब लाना, आपसी परिचय बढ़ाना।

कार्यक्रम में बच्चों, महिलाओं एवं सभी सदस्यों के लिए अनेक मनोरंजक एवं रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें बच्चों एवं महिलाओं की कुर्सी दौड़, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, दंपति प्रतियोगिता, मिस्टर एवं मिसेज पंजाबी, सर्वश्रेष्ठ दंपति, सक्रिय दंपति सहित अनेक खेल एवं मनोरंजक गतिविधियां शामिल रहीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में अमरजीत सिंह छाबड़ा, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग एवं पूर्व विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा, छत्तीसगढ़ सिख संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दलजीत सिंह चावला सहित समाज के अनेक गणमान्य एवं प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे। इस प्रदेश स्तरीय आयोजन में अमरजीत सिंह सलूजा, प्रदेश सलाहकार सदस्य, अकाल पुरख की फौज एवं निशु सलूजा, अध्यक्ष, अकाल पुरख की फौज, भाटापारा-बलौदा बाजार के नेतृत्व में भाटापारा से भी बड़ी संख्या में सदस्यों एवं परिवारों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की जिसमें प्रमुख रूप से बिट्टू सलूजा, हरमीत सिंह छाबड़ा, सिल्की छाबड़ा, श्वेता सेठी, शीतल सलूजा, पवनीत चावला, नीलू राणा, सारिका सेठी, जया सेठी, सुनीता सेठी, मिनी चावला, अमित चावला, सातिन्दर सलूजा, सिम्मी गुम्बर सहित अनेक सदस्यों की उपस्थिति रही। अमरजीत सिंह सलूजा ने कहा कि अकाल पुरख की फौज केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक ऐसा परिवार है, जो समाज, पंथ एवं मानव सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक मीट के लिए होगा चयन

महासमुंद जिला एथलेटिक्स दल का चयन 11 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक मीट में भाग लेने वाले महासमुंद जिला एथलेटिक्स दल का चयन 11 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से फॉरेस्ट ग्राउंड, बीटीआई रोड महासमुंद में आयोजित जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता के माध्यम से किया जाएगा। जिला एथलेटिक संघ द्वारा आयोजित इस चयन प्रतियोगिता में जिले के बालक एवं बालिका खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे।

- चयन प्रतियोगिता में जिले के बालक एवं बालिका खिलाड़ी ही ले सकेंगे हिस्सा

चयन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी खिलाड़ियों का ऑनलाइन पंजीयन अनिवार्य किया गया है। बिना ऑनलाइन पंजीयन के किसी भी खिलाड़ी को प्रतियोगिता में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए ट्राईथलन-ए में 60 मीटर दौड़, लंबी कूद एवं ऊंची कूद, ट्राइथलन-बी में 60 मीटर दौड़, लंबी कूद एवं बैक थ्रो तथा ट्रेथलन-सी में 60 मीटर दौड़, लंबी कूद एवं 600 मीटर दौड़ की स्पर्धाएं होंगी। इस आयु वर्ग में भाला फेंक प्रतियोगिता में भाग लेना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार 16 वर्ष से कम आयु वर्ग में 60 मीटर दौड़, 80 मीटर हर्डल्स, 600 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक एवं भाला फेंक की स्पर्धाएं आयोजित होंगी। इस वर्ग में पेंटाथलन के अंतर्गत 60 मीटर, 80 मीटर हर्डल्स, ऊंची कूद, गोला फेंक एवं 600 मीटर दौड़ में खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। चयन प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी खिलाड़ियों को अपना एक पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं जन्म प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य है। चयनित खिलाड़ी हैदराबाद में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक चैंपियनशिप में महासमुंद जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयन प्रतियोगिता एवं पंजीयन से संबंधित अधिक जानकारी के लिए चारुलता गजपाल से संपर्क किया जा सकता है।

अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर 4 हाइवा और 5 ट्रैक्टर जब्त

महासमुंद। राज्य शासन की मंशा के अनुरूप खनिज विभाग द्वारा जिले में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। विभाग का मैदानी अमला सक्रियता के साथ निगरानी एवं जांच अभियान संचालित कर रहा है। इसी क्रम में खनिज विभाग की टीम द्वारा 05 अक्टूबर को जिले के ग्राम बरबसपुर में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रेत का अवैध परिवहन में संलिप्त 05 ट्रैक्टर को जब्त कर थाना तुमगांव पुलिस की अभिरक्षा में रखा गया है। इसी तरह 06 अक्टूबर को मध्य रात्रि में ग्राम चिंगरौद में रेत का अवैध परिवहन की शिकायत पर टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर रेत से भरे 4 हाइवा को जब्त कर थाना महासमुंद की अभिरक्षा में रखा गया है। सभी वाहनों पर छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 तथा खान और खजिन (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

खबर संक्षेप



मोमोज ठेले में लगी आग, स्थानीय लोगों की सूझबूझ से टला खतरा

भाटापारा। बुधवार शाम 4 से 5 बजे के बीच मेनरोड महतारी चौक में एक मोमोज बनाने वाले ठेले में आग लग गई आग गैस सिलेंडर में लगी बताया जाता है सिलेंडर मे आग उस समय लगी जब ठेले में मोमोज बनाया जा रहा था। इस आगजनी से वहां हडकंप मच गया। स्थानीय लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए आनन-फानन में आग पर पाया काबू.आग की चपेट में आने से मोमोज बनाने की सामग्री और बर्तन जलकर राख, हो गया बताया जाता है जिस स्थान पर मोमोज का ठेला रखा था। उसके काफी नजदीक बैंक और आसपास अन्य दुकाने भी है अगर स्थानीय लोगो की सूझबुझ से आग पर काबू न पाया जाता तो घटना और बडी हो सकती थी लेकिन स्थानीय लोगों की तत्परता और सूझबूझ से आज एक बडा हादसा टल गया।

दो नए वितरण केंद्र जल्द होंगे शुरू, खाद्य विभाग ने दी जानकारी

मुड़पार सरसींवा। सरसींवा नगर में सैकड़ो की संख्या में राशनकार्ड के हितग्राही हैं लेकिन केवल दो ही चावल वितरण केंद्र होने से हितग्राहियों को चाँवल, शक्कर व अन्य सामग्रियों मिलने में देरी हो रही है। ज्ञात हो की सरसींवा नगर की आबादी बड़ी है यहां राशनकार्डधारी हितग्राहियों की संख्या भी ज्यादा है। इसके कारण हितग्राहियों को सामग्रियाँ लेने में लंबी लाईन लगानी पड़ती है। कभी-कभी तो कई हितग्राहियों को भीड़ के कारण चावल व अन्य सामग्री लेने के लिए चार से पांच बार तक सम्बंधित चावल वितरण केंद्रों का चक्कर लगाना पड़ता है। आम जनता की समस्या को देखते हुए इनकी मांग पर खाद्य विभाग ने सरसींवा में दो नए वितरण केंद्र खोला जा रहा है। इसकी स्वीकृत भी शासन प्रशासन से मिल गई परंतु दो नए वितरण केंद्र को खोलने और उसमें काम शुरू कराने के लिए अनावश्यक विलंब किया जा रहा है। चितरंजन बंजारे की शिकायत पर खाद्य विभाग ने जानकारी दी है कि अभी सर्वर में दिक्कत के कारण कार्य धीरे चल रहा है तथा नगर पंचायत सरसीवां द्वारा नई दुकान में हितग्राहियों के राशनकार्ड को शिफ्टिंग का कार्य किया जा रहा है शिफ्टिंग का कार्य होते ही दोनों नए वितरण दुकान में कार्य शुरू हो जायेगा।

लैपटॉप, सोने-चांदी के जेवरात, बर्तन व नकदी चोरी कर हुए थे फरार

सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बगबुड़ा



पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार-भाटापारा गौरव राय (भा.पु.से.) के कुशल निर्देशन, में जिले में चोरी नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना लवन पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम मरदा में सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।

घटना एवं अपराध का विवरण

प्रार्थी सुनील कुमार जांगड़े (उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम मरदा, थाना लवन) द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह काम के सिलसिले में रायगढ़ गया हुआ था तथा घर में ताला लगा था। घर वापस आकर देखा तो अज्ञात चोरों द्वारा मुख्य दरवाजे, अलमारी एवं बक्से का ताला तोड़कर अंदर रखे HP कंपनी का लैपटॉप, सोने-चांदी के जेवरात, बर्तन, घरेलू सामान एवं नकदी रकम (कुल जुमला कीमती लगभग 1,83,000) चोरी कर लिया गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना लवन में अपराध क्र. 335/2026 पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस कार्यवाही एवं आरोपियों की गिरफ्तारी

विवेचना के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर संदेही रुपेश कुमार साहू एवं मोती यादव (निवासी कोयदा) को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करना तथा चोरी के सामान व जेवरात को आपस में बांटकर बेचने की बात स्वीकार की। आरोपियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से चोरी का 01 नग HP कंपनी का लैपटॉप, बिक्री रकम में से बचे 2,000 नगद, 02 नग पीतल का हवला (गुंडी) एवं घटना में प्रयुक्त औजार (सब्बल, चिमटा एवं चटवा) विधिवत जप्त किया गया। आरोपियों से कुल 28,000 कीमत मूल्य का चोरी का सामान बरामद किया गया है। प्रकरण में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।

प्राकृतिक उत्पादों से बनाई विशाल रंगोली बनी आकर्षण का केंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा ज्योति कलश यात्रा का आयोजन बुधवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में किया गया। इसके तहत पंडित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल मैदान बलौदाबाजार में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्बोधन कार्यक्रम का जीवंत प्रसारण को एलईडी टीवी के माध्यम से देखा गया।

इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने विकसित भारत का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, डॉ.सनम जांगड़े, प्रमोद शर्मा, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय के श र वा नी , जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष सुमन वर्मा उपस्थित थे। सभा के उपरांत सेवा ज्योति कलश यात्रा हेतु ज्योति रथ मे ज्योत प्रज्वलित कर सेवा ज्योति कलश यात्रा प्रारम्भ किया गया।

पंडित चक्रपाणी शुक्ल मैदान में कॉलेज की छात्राओं के द्वारा प्राकृतिक उत्पाद जैसे धान, फूल,पत्ते और आटे का उपयोग कर बहुत सुंदर एक विशाल रंगोली का निर्माण किया गया। यह विशाल और सुंदर रंगोली लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया था।

सेवा ज्योति यात्रा में जनसैलाब, विकसित भारत का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



भारतीय जनता पार्टी बलौदाबाजार द्वारा 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 'सेवा ज्योति यात्रा' एवं 'विकसित भारत संकल्प सभा' का आयोजन किया गया। पंडित चक्रपाणि हाईस्कूल में आयोजित सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के संबोधन का उपस्थित लोगों ने वर्चुअल माध्यम से श्रवण किया। लाइव संबोधन के पश्चात अतिथियों ने सेवा ज्योति प्रज्वलित की। इसके बाद सेवा ज्योति रथ, ज्योति एवं मशाल के साथ यात्रा प्रारंभ हुई।

यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दशहरा मैदान पहुंची। इसमें जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ युवा, सामाजिक व स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। देशभक्ति गीतों और नारों से शहर का वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर नजर आया। दशहरा मैदान में 'विकसित भारत 2047' की संकल्पना को साकार करने के लिए उपस्थित लोगों ने सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम स्थल पर 'सेवा के रंग' के अंतर्गत विकसित भारत की थीम पर बनाई गई विशाल रंगोली आकर्षण का केंद्र रही। सेवा ज्योति रथ, मशाल एवं कलश यात्रा ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवरतन शर्मा, पूर्व विधायक एवं प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा, जिला प्रभारी अमित कुमार साहू, जिलाध्यक्ष आनंद यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष सुमन वर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता वर्मा, योगेश चंद्राकर, डॉ. अजय राव, वरिष्ठ नेता विजय केशरवानी, जिला महामंत्री विजय यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रणय पांडे, जिला मंत्री रितेश श्रीवास्तव, राहुल सोनी, मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, ग्रामीण अध्यक्ष रवि वर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

युवाओं की ऊर्जा और राष्ट्रभक्ति को दिशा दे रही विद्यार्थी परिषद : शिवरतन शर्मा

भाटापारा। माहेश्वरी भवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की दो दिवसीय प्रांत कार्यकारी परिषद बैठक के अंतर्गत आयोजित समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा सम्मिलित हुए।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है। भारत विश्व का सबसे युवा देश है और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी।

शर्मा ने आगे कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रांत कार्यकारी परिषद की बैठक न केवल युवाओं की ऊर्जा और राष्ट्रभक्ति को दिशा देने का कार्य कर रही है, बल्कि यह नक्सलवाद, स्वदेशी शिक्षा, आंतरिक सुरक्षा और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चिंतन का मंच भी बन रही है। हमारी सरकार भी युवाओं के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए संकल्पित है।

विभिन्न योजनाओं और प्रकल्पों के माध्यम से युवाओं के लिए नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं, ताकि वे आत्मनिर्भर और सशक्त बनें तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएं।

इस अवसर पर महंत रामस्वरूप दास, अश्वनी शर्मा, आनंद यादव, अविनाश शर्मा, टिक्कू नायडू, बिहारी अग्रवाल, राजा जायसवाल, आशीष पुरोहित, मनिंदर गुम्बर, नंद किशोर वैष्णव, मृदुल मुंधडा सहित परिषद के पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

सीएम हेल्पलाइन से सोनम कोसले की छात्रवृत्ति समस्या का 24 घंटे में समाधान

बलौदाबाजार। शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा कुमारी सोनम कोसले को छात्रवृत्ति फॉर्म ऑनलाइन नहीं भर पाने की समस्या का समाधान सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से महज 24 घंटे के भीतर मिल गया।



सोनम कोसले ने बताया कि छात्रवृत्ति फॉर्म ऑनलाइन नहीं भर पाने के कारण वह काफी परेशान थीं। समस्या के समाधान के लिए वह चॉइस सेंटर गईं, जहां चॉइस सेंटर संचालक ने उन्हें सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 की जानकारी दी। इसके बाद सोनम ने 1076 पर फोन कर अपनी समस्या दर्ज कराई। सोनम ने कहा कि "कल मैंने सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076 पर फोन कर अपनी समस्या बताई थी और आज मेरी समस्या का समाधान हो गया। अब मैंने अपना स्कॉलरशिप फॉर्म ऑनलाइन भर लिया है। शासन द्वारा शुरू की गई यह हेल्पलाइन बहुत अच्छी पहल है। मुझे 24 घंटे के भीतर ही अपनी समस्या का समाधान मिल गया, इसके लिए मैं शासन का आभार व्यक्त करती हूं। सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से समस्या का त्वरित निराकरण छात्र-छात्राओं सहित आम नागरिकों को शासन की सेवाओं से जोड़ने और उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

पलारी में विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर

पलारी। पलारी नगर पंचायत में बुधवार को विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम द्वारा विद्युत उपभोक्ता जागरूकता विषय पर बैठक की आयोजन किया गया। शिकायत निवारण शिविर में फोरम के अध्यक्ष अशोक खण्डेलवाल, अधीक्षण अभियंता जी.पी. अनंत,नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा उपस्थित थे। फोरम अध्यक्ष अशोक खण्डेलवाल के द्वारा उपभोक्ताओं को उनके अधिकार के बारे में आगरूरक किया गया। नए विद्युत कनेक्शन लेने मे समय सीमा के संबंध में, विद्युत शिकायत की सुधार के समय सीमा, विद्युत बिल में सुधार एवं उसकी समय सीमा आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। अध्यक्ष ने बताया कि



यदि विद्युत उपभोक्ता की किसी सेवा के संबंध में शिकायत है तो शिकायत निवारण फोरम के वेबसाईट HYPERLINK /"http://www.cspdcl.co.in /" \/nwww.cspdcl.co.in में ऑनलाईन शिकायत दर्ज कर सकते है या ऑफलाईन के माध्यम से भौतिक रूप से या पत्र के माध्यम से अध्यक्ष उपभोक्ता फोरम गुठियारी रायपुर में कर सकते है ।

अधीक्षण अभियंता वृत्त बलौदाबाजार जी.पी. अनंत ने स्मार्ट मीटर से संबंधित भ्रांति को दूर किया उन्होने बताया कि स्मार्ट मीटर सामान्य इलेक्ट्रॉनिक मीटर की तरह ही कार्य करता है बस अंतर इतना ही है कि स्मार्ट मीटर संवाद / संप्रेषण करता है। उन्होने बताया कि स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ता अपने खपत को मोर बिजली एप के माध्यम से देख कर विद्युत का उपभोग बेहतर तरीके से कर सकता है एवं बचत कर सकता है।

ओटेबन के 40 युवाओं ने किया भाजपा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ करहीबाजार



लालपुर शक्ति केंद्र के ग्राम ओटेबन से, भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति एवं केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर 40 युवाओं ने भाजपा का दामन थामा । प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री माननीय विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार सुशासन और जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य से प्रभावित होकर युवाओं ने भाजपा से जुड़ने का निर्णय लिया।

इस अवसर पर युवाओं ने भाजपा की विचारधारा, रीति-नीति और राष्ट्रहित के कार्यों में विश्वास व्यक्त करते हुए पार्टी के साथ मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। रेशम यदु के नेतृत्व में 40 युवाओं ने भाजपा परिवार का सदस्य बना, छेत्र के लोकप्रिय नेता शिवरतन शर्मा द्वारा गमछा से नवप्रवेशी युवाओं का स्वागत किया और उतबोधन करते हुये कहाँ की युवाओं के पार्टी से जुड़ने से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा क्षेत्र में भाजपा का जनाधार मजबूत होगा। संगठन मे युवा मोर्चा को और मजबूती मिलेगी, इसी बिच ग्रामीण की मांग रंगमंच के लिये 6.50 लाख का घोषणा किया। उक्त अवसर पर निपनीय मंडल प्रभारी महाबल बघेल, अध्यक्ष मथुरा यादव, महामंत्री राजेश पटेल, रोहित वर्मा, लक्ष्मी नारायण शर्मा, अर्पणा झा लेखराम पटेल अरुण निषाद, विनोद देवांगन, तरुण, बृजेश, कृष्णा मानिकपुरी, मुलशंकर, तेजराम यादव सहित सभी कार्यकर्त्ता उपस्थिति रहे ।

बाढ़ के बाद सूखे की मार, टेल क्षेत्र के किसानों को नहीं मिल रहा नहर का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ के बाद अब सिंचाई के लिए पानी की कमी से किसानों के सामने संकट खड़ा हो गया है। कांग्रेस नेता एवं पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष नितिन त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि बीबीसी (बलौदाबाजार शाखा नहर) और एलबीसी (लवन शाखा नहर) के टेल क्षेत्र तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है, जिससे धान की फसल सूखने की कगार पर है। त्रिवेदी ने कहा कि हाल ही में क्षेत्र के कई गांवों में बाढ़ से फसलों को नुकसान पहुंचा था। अब खेतों में नमी की कमी के कारण दरारें पड़ रही हैं। पोटरीपान और गमौट के समय खेतों में पानी की आवश्यकता है, लेकिन किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्राम कोकड़ी सहित टेल क्षेत्र के गांवों की स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि किसान जल प्रबंध संभाग क्रमांक-2 के कार्यपालन अभियंता को आवेदन देकर 14 नंबर नाली में पानी छोड़ने की मांग कर चुके हैं। अर्जुनी जैसे क्षेत्र में भी पानी की कमी की स्थिति है, जिससे टेल क्षेत्र की समस्या का अंदाजा लगाया जा सकता है। त्रिवेदी ने कहा कि किसानों की महीनों की मेहनत और पूंजी दांव पर लगी है। सरकार और सिंचाई विभाग को कागजी व्यवस्था के बजाय खेतों तक पानी पहुंचाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि किसान लगातार अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने सरकार से टेल क्षेत्र के अंतिम खेत तक तत्काल पानी पहुंचाकर फसल बचाने की मांग की है। साथ ही बलौदाबाजार विधायक एवं राजस्व तथा आपदा प्रबंधन मंत्री से क्षेत्र के किसानों की समस्या पर गंभीरता से कार्रवाई करने की अपेक्षा जताई।

धमनी में वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह पर निकाली रैली

पलारी। वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के अवसर अंतर्गत बुधवार को वन ग्राम धमनी में वन्यप्राणी संरक्षण के लिए रैली निकाली गई और लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम वन प्रबंधन समिति अध्यक्ष रामनारायण यादव द्वारा हाई स्कूल के छात्र छात्राओं को साथ लेकर रैली निकाली गई जिसमें नारा था हम सबका एक ही नारा/वन्यप्राणी बचे हमारा बाघ भालू हाथी /पर्यावरण के साथी। अवैध शिकार का यह अंजाम। इज्जत वाहन दोनों निलाम।



इस अवसर पर वन विभाग से सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी राधे लाल चंद्राकर, वीटप्रभारी धमनी आबिद खान, हाईस्कूल से मुकेश चौहान प्रभारी प्रधानाध्यापक, दिनेश धैर्य शिक्षक, अर्चना बरिहा शिक्षिका एंव ग्राम के नवयुवक गण भाग लिए। कार्यक्रम का उद्देश्य धमनी जंगल मे वन्यप्राणी के प्रति जागरूकता लाना। कभी-कभी चीतल शावक कुत्तों से बचने भागते हुए जंगल से गांव मे चले आते हैं जिसे कुत्तों से बचाने मे विद्यार्थियों का विशेष योगदान है। गांव मे वन्यप्राणी आ जाए तो भीड़ नही लगाना कैसे उसे पुनः जंगल में छोडना है की जानकारी अध्यक्ष रामनारायण यादव द्वारा क्लास लेकर जानकारी देने स्कूल मे समझाया जाता है।

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसील-छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

शपथ पत्र

पुपेश्वर कुमार उम्र 53 वर्ष पिता गणेश राम, जाति-कुर्मी, निवासी-सेम्हरा, तह. छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) .....शपथकर्ता

शपथकर्ता निम्न कंडिकानुसार अपना शपथपूर्वक कथन प्रस्तुत कर रहा है।

आवेदिका का नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है:-

1. यह कि आवेदक का नाम, पिता एवं पता उपरोक्तानुसार दर्ज है।
2. मैं वार्ड क्र. 2, ग्राम-सेम्हरा, पोस्ट-कनसिंघी, तहसील-छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूं।
3. यह मैं अपनी नाबालिग पुत्री का (पुराना नाम) कुमारी साम्या से बदलकर (नया नाम) साम्या चन्द्राकर करवाना चाहता हूं।
4. यह कि मैं अपनी पुत्री का नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूं तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
5. यह कि मेरी पत्नि श्रीमती ममता चन्द्राकर हमारे नाबालिग पुत्री के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।
6. यह कि मैं यह शपथपत्र अपने पूरे होशो हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

दिनांक 06/10/2026 **आवेदक**
पुपेश्वर कुमार

वोट चोरी पर हल्ला मचाने वाले कांग्रेस का असली चेहरा उजागर : आलोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



छत्तीसगढ़ में युवक कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव को लेकर सियासत तेज हो गई है। चुनाव में फर्जी मतदान और वोट की चोरी के आरोपों को लेकर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यदि युवक कांग्रेस के चुनाव में फर्जी वोटिंग हुई है और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वयं इसकी बात स्वीकार कर रहे हैं, तो चुनाव की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।

मीडिया से चर्चा करते हुए आलोक ठाकुर ने दावा किया कि कांग्रेस के पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने मीडिया के सामने युवक कांग्रेस चुनाव में वोट चोरी और फर्जी मतदान होने की बात कही है। ठाकुर ने कहा कि ऐसी स्थिति में युवक कांग्रेस के चुनाव को रद्द कर दोबारा निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार देश में चुनावों के दौरान कथित वोट चोरी का मुद्दा उठाती रही है।

आलोक ठाकुर ने कहा कि यदि संगठन के भीतर हुए चुनाव में ही फर्जी मतदान के आरोप सामने आते हैं, तो यह गंभीर विषय है। उन्होंने कांग्रेस पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि एक ओर पार्टी देश की चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची की पारदर्शिता पर सवाल उठाती है, वहीं दूसरी ओर उसके अपने संगठनात्मक चुनाव में फर्जी वोटिंग के आरोप सामने आ रहे हैं। ठाकुर ने एसआईआर को लेकर कहा कि देश में अब तक आठ बार विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया हो चुकी है। आलोक ठाकुर ने कहा कि युवक कांग्रेस चुनाव में लगे फर्जी मतदान के आरोपों पर कांग्रेस को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में निष्पक्ष जांच और पारदर्शी प्रक्रिया के जरिए स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए।



खबर संक्षेप

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सुरभि ने मारी बाजी



खरोरा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत विषय पर जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, जी.ई. रोड रायपुर में किया गया। जिसमें स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, रायखेड़ा के प्राचार्य ज्ञानेश्वर प्रसाद वर्मा एवं संकुल समन्वयक तुलसीराम साहू के मार्गदर्शन में अंश पब्लिक स्कूल, गैतरा की कक्षा 5वीं की छात्रा कु. सुरभि वर्मा, पिता संदीप कुमार वर्मा, ग्राम रायखेड़ा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर द्वारा उन्हें ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बी. आर. वर्मा मेमोरियल शिक्षण समिति मुनगी के संरक्षक भुलु राम वर्मा, संचालक जागेश्वर प्रसाद वर्मा, प्राचार्य सालिकराम वर्मा, सचिव अजीत कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष जननी वर्मा, सदस्य शिवराम कुमार वर्मा ने बधाई दी। इस अवसर पर शिक्षकगण प्रीति वर्मा, पुष्पा वर्मा, राहुल साहू, कविता साहू, प्रिया बंजारे, काजल चतुर्वेदी, पल्लवी नारंग, बिसाहिन पुष्पा वर्मा, मोनिका वर्मा संजना वर्मा विदित वर्मा उपस्थित रहे।

लहलहाती धान की फसलों से किसानों में खुशी, दशहरा तक कटाई शुरू होने की उम्मीद



करहीबाजार। क्षेत्र में इन दिनों खेतों में लहलहा रही धान की फसल किसानों के चेहरों पर खुशी और संतोष ला रही है। धान की बोवाई से लेकर अब तक फसल को जब-जब पानी की आवश्यकता पड़ी, तब-तब समय पर हुई बारिश ने किसानों का साथ दिया। पर्याप्त वर्षा के चलते इस वर्ष धान की फसल अच्छी स्थिति में नजर आ रही है। करहीबाजार सहित आसपास के गांवों में खेतों में धान की फसल अब पकने की ओर अग्रसर है। फसल की अच्छी बढ़वार और अनुकूल मौसम को देखते हुए किसानों को उम्मीद है कि इस बार धान की कटाई निर्धारित समय पर शुरू हो जाएगी। किसानों के बीच चर्चा है कि यदि मौसम इसी तरह अनुकूल रहा तो दशहरा पर्व तक कई खेतों में धान की कटाई शुरू हो सकती है। समय पर बारिश होने से किसानों को सिंचाई की चिंता से भी काफी राहत मिली है। खेतों में लहलहाती फसल देखकर किसान इस वर्ष अच्छी उपज की उम्मीद लगाए हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों खेतों की हरियाली और पकती धान की बालियां किसानों की मेहनत की सफलता की तस्वीर पेश कर रही हैं।

भरसेला में नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए मॉक टेस्ट



बलौदाबाजार। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को परीक्षा के वास्तविक स्वरूप से परिचित कराने के उद्देश्य से संकुल केंद्र भरसेला में 7 अक्टूबर को निःशुल्क संकुल स्तरीय मॉक टेस्ट आयोजित किया गया। इसमें संकुल क्षेत्र के 39 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। बीईओ राजेंद्र टंडन, बीआरसीसी गोपाल वर्मा एवं संकुल प्राचार्य फलेन वर्मा के मार्गदर्शन में संकुल समन्वयक अमित अवस्थी द्वारा नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकृत विद्यार्थियों को नियमित अभ्यास कराया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक सप्ताह मॉडल प्रश्न-पत्र कक्षा शिक्षकों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिनका विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों से अभ्यास कराया जाता है। मॉक टेस्ट में विद्यार्थियों को वास्तविक प्रवेश परीक्षा के अनुरूप वातावरण उपलब्ध कराया गया। संकुल केंद्र की ओर से सभी विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र, प्रश्न-पत्र एवं ओएमआर शीट निःशुल्क उपलब्ध कराई गई।

जोक नदी के अस्तित्व पर मंडराया खतरा, रात के अंधेरे में जेसीबी से चल रहा रेत का अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

यह जोकनदी है, जो बरसों से निर्मलधारा बहाती आ रही है। आसपास बसे लोग जोकनदी में तरबूज, खरबूज और सब्जी लगाकर अपनी जीविका का एक साधन बनाए हुए हैं। सुबह बहती जोकनदी की कल-कल की आवाज मनमोह लेती है, लेकिन कुछ लोगों द्वारा कथित रूप से किए जा रहे रेत उत्खनन से जोकनदी का अस्तित्व आज खतरे में नजर आ रहा है।

जी हां, हम बात कर रहे हैं छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के कसडोल विकासखंड की, जहां रात होते ही बड़ी-बड़ी जेसीबी मशीनों के जरिए जोकनदी से रेत उत्खनन किए जाने की शिकायत सामने आ रही है। गिधौरी से करीब 10 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत डेराडीह में पिछले कई महीनों से रेत उत्खनन का कथित अवैध कारोबार पनपने की बात कही जा रही है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, जैसे ही रात 9 से 10 बजता है, वैसे ही ट्रैक्टर के माध्यम से पहले रेत को जोकनदी से बाहर निकाला जाता है और इसके बाद जेसीबी मशीन से रेत को हाईवा में लोड किया जाता है। आरोप है कि पर्यावरण और एनजीटी के नियमों को दरकिनार करते हुए रात के समय भारी मात्रा में रेत का उत्खनन किया जा रहा है।

डेराडीह पंचायत में कई दिनों से चल रहा कारोबार

शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर सवाल

मामले में खनिज विभाग की कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि लगातार शिकायतें मिल रही हैं तो खनिज विभाग कार्रवाई करने से क्यों कतरा रहा है? क्या किसी प्रभावशाली व्यक्ति के संरक्षण की वजह से कार्रवाई नहीं हो पा रही है? स्थानीय लोगों द्वारा इस तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं।



जिले में रेत घाट बंद होने का उठाया जा रहा फायदा

जानकारी के मुताबिक, बलौदाबाजार जिले में वर्तमान में कोई रेत घाट स्वीकृत नहीं होने के कारण पिछले कई महीनों से रेत घाट बंद हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर डेराडीह में रात के अंधेरे की आड़ में रेत का कथित अवैध उत्खनन धड़ल्ले से चल रहा है। रेत उत्खनन को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। उनका कहना है कि यदि इसी तरह जोकनदी से रेत का उत्खनन जारी रहा तो आने वाले समय में नदी के अस्तित्व के साथ-साथ आसपास के लोगों की आजीविका पर भी इसका असर पड़ सकता है। इस संबंध में जिला खनिज अधिकारी अवधेश बारीक का कहना है कि अगर अवैध उत्खनन हो रहा है तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

मनमानी : वेतन भुगतान और कार्रवाई को लेकर भी उठ रहे सवाल

पदोन्नति के बाद भी नवीन पदस्थापना में नहीं पहुंचे कर्मचारी, आदेश पालन पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

जिले के शहीद संतराम साहू स्मृति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 कर्मचारी नारायण सिंह वर्मा



की नवीन पदस्थापना के बाद भी उनके द्वारा नई जगह पर कार्यभार ग्रहण नहीं किए जाने का मामला सामने आया है। मामले में स्वास्थ्य विभाग के आदेशों के पालन को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार, कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रायपुर के आदेश दिनांक 19 फरवरी 2026 के तहत नारायण सिंह वर्मा को सहायक ग्रेड-3 से पदोन्नत कर सहायक ग्रेड-2/लेखापाल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिरौदपुरीधाम में पदस्थ किया गया था। इसके बाद खंड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल द्वारा कार्यालय आदेश क्रमांक स्था./2026/599, 30 मार्च 2026 जारी कर नारायण सिंह वर्मा को कसडोल से कार्यमुक्त कर दिया गया।



कार्रवाई नहीं होने पर भी सवाल

एक अन्य सवाल यह भी है कि यदि संबंधित कर्मचारी ने 30 मार्च 2026 के आदेश के बाद नवीन पदस्थापना स्थल पर योगदान नहीं दिया है, तो इस संबंध में खंड चिकित्सा अधिकारी वंदना भेले द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई।

अब विभागीय जांच पर टिकी नजर

एक तरफ शासन स्तर से स्वास्थ्य विभाग में कर्मचारियों के संलग्नीकरण एवं पदस्थापना संबंधी आदेशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ कसडोल में कार्यमुक्त किए गए कर्मचारी के नवीन पदस्थापना स्थल पर योगदान नहीं देने की स्थिति सामने आ रही है। इस संबंध में सहायक ग्रेड-2 कर्मचारी नारायण सिंह वर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि गिरौदपुरीधाम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित नहीं है और वहां समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं होने के कारण वे नवीन पदस्थापना स्थल पर नहीं जा रहे हैं। नारायण सिंह वर्मा ने यह भी बताया कि उनके पास मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बलौदाबाजार का इस संबंध में आदेश है। हालांकि, बातचीत के दौरान उनके द्वारा उक्त आदेश प्रस्तुत नहीं किया गया। ऐसे में उनके दावे और संबंधित आदेश की वास्तविक स्थिति विभागीय स्तर पर स्पष्ट होना बाकी है।

22 सितंबर के संचालनालय के आदेश से फिर उठे सवाल

इसी बीच संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़, नया रायपुर द्वारा 22 सितंबर 2026 को जारी पत्र में फरवरी-मार्च 2026 के विधानसभा सत्र में दिए गए आश्वासन क्रमांक 371 के पालन के संबंध में स्वास्थ्य संस्थाओं में मूल पदस्थापना से अन्य संस्थाओं में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियों का संलग्नीकरण समाप्त करने और संबंधित प्रमाण पत्र तीन दिवस के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

कार्यमुक्ति के बाद वेतन भुगतान किस आधार पर

मामले में सबसे बड़ा सवाल यह भी है कि 30 मार्च 2026 को कसडोल सीएचसी से कार्यमुक्त किए जाने के बाद नारायण सिंह वर्मा का वेतन किस कार्यालय से और किस आधार पर आहरित एवं भुगतान किया जा रहा है। यदि उनका वेतन अभी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल से जारी किया जा रहा है, तो कार्यमुक्ति आदेश के बावजूद ऐसा क्यों किया जा रहा है। वहीं यदि वेतन किसी अन्य कार्यालय से मिल रहा है तो उसकी प्रक्रिया और आधार क्या है। इन बिंदुओं की विभागीय जांच की आवश्यकता महसूस की जा रही है।



मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम टच देने में जुटे मूर्तिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



शक्ति की भक्ति का महापर्व शारदीय नवरात्रि 11 अक्टूबर से शुरू होने जा रहा है। नवरात्रि को लेकर खरोरा सहित पूरे अंचल में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। देवी मंदिरों और दुर्गा पंडालों में रंग-रोगन व आकर्षक सजावट का काम अंतिम चरण में है। वहीं, मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में मूर्तिकार दिन-रात जुटे हुए हैं। खरोरा में अलग-अलग स्वरूपों में मां दुर्गा की प्रतिमाएं आकार ले रही हैं। नवरात्रि नजदीक आने के साथ ही मूर्तिकार प्रतिमाओं की रंगाई-पुताई और सजावट को अंतिम रूप देने में व्यस्त हैं। मूर्तिकार गिरधर ने बताया कि इस वर्ष प्रतिमाओं के ऑर्डर पिछले साल की तुलना में अधिक मिले हैं। हालांकि, महंगाई के कारण प्रतिमाओं के निर्माण में लगने वाली सामग्री और मजदूरी की लागत बढ़ गई है, जिसके चलते मूर्तियों की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई है। इसके बावजूद उन्हें इस वर्ष अच्छे कारोबार की उम्मीद है। नवरात्रि के दौरान शहर और आसपास के क्षेत्रों में जगह-जगह भव्य दुर्गा पंडाल बनाए जा रहे हैं। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना के साथ जगराता, गरबा और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कराने के लिए पंजीयन भी शुरू हो गया है। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। पंडित ने बताया कि शारदीय नवरात्रि के पहले दिन शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना और घट स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही मां दुर्गा की विधिवत आराधना शुरू होगी। अष्टमी और नवमी तिथि पर कन्या पूजन किया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा अपने भक्तों को सुख, समृद्धि और खुशियों का आशीर्वाद प्रदान करती हैं। नवरात्रि में मां शैलपुत्री, मां ब्रह्मचारिणी, मां चंद्रघंटा, मां कुष्मांडा, मां स्कंदमाता, मां कात्यायनी, मां कालरात्रि, मां महागौरी और मां सिद्धिदात्री की विशेष पूजा-अर्चना होगी। मंदिरों और दुर्गा पंडालों में जसगीत व सेवा गीतों की गूंज सुनाई देगी। पंचमी तिथि पर मां का विशेष श्रृंगार एवं पूजन किया जाएगा। नवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है और इस बार पर्व की धूम और भी अधिक रहने की उम्मीद है।

सेवा के रंग कार्यक्रम में घर-घर से राष्ट्र तक आभार संकल्प की रंगोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



भारतीय जनता पार्टी जिला रायपुर ग्रामीण के अंतर्गत खरोरा मंडल में सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा के रंग—घर-घर से राष्ट्र तक, आभार संकल्प की रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर की महिलाओं, बच्चों एवं विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए रंगोलियों के माध्यम से सेवा, राष्ट्रभक्ति और विकास का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के जनसेवा एवं राष्ट्र समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उनके नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को प्रमुखता से रखा। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। इस अवसर पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। कार्यक्रम में कैप्टन स्मित से जुड़े विमान हादसे के प्रसंग का उल्लेख करते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने एवं दीर्घायु होने की कामना की गई। उपस्थित लोगों ने ईश्वर से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ तथा सभी यात्रियों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना की। सेवा के रंग कार्यक्रम के माध्यम से खरोरा मंडल में सेवा, संस्कार, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों की सहभागिता रही।

कार्यक्रम में चंद्रकांति वर्मा, उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग एवं राज्यमंत्री दर्जा, वेदराम मनहरे, उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति आयोग एवं राज्यमंत्री दर्जा, सुनीता अनिल सोनी, अध्यक्ष नगर पंचायत खरोरा, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा रश्मि वर्मा, डॉ. अमीन खान, अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यसमिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा, जिला प्रचार-प्रसार मंत्री नरेंद्र ठाकुर, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन, मंडल महामंत्री घनश्याम चंद्राकर, मंडल उपाध्यक्ष छगन यादव, कार्यालय प्रभारी दीपक धनकर, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष त्रिलोचनी साहू, सीमा वर्मा, पंचराम यादव सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नवरात्रि पर्व की तैयारी जोरों पर कलाकार मूर्तियों को दे रहे अंतिम रूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर नगर सहित अंचल में तैयारियां जोरों पर हैं। विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा पंडालों को आकर्षक रूप देने के साथ ही साज-सज्जा का कार्य तेजी से जारी है। नवरात्रि को लेकर समितियों और श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। गौरतलब हो कि पलारी अंचल में नवरात्रि पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मातारानी की सेवा करने के लिए विख्यात है, जहां मादर के थाप और जसगीतों से श्रद्धा का सैलाब उमड़ता है।

साज सज्जा पर महंगाई की मार

पलारी नगर के विख्यात पेंटर एवं मूर्तिकार शेरखान रज्जू इन दिनों रायपुर के माना में स्थापित की जाने वाली दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। वे प्रतिमाओं की रंग-सज्जा और बारीकियों पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें आकर्षक स्वरूप प्रदान कर रहे हैं। नवरात्रि प्रारंभ होने से पहले प्रतिमाओं को पूरी तरह तैयार करने का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि मां दुर्गा की प्रतिमाओं में लगने वाली साजो सामान मुकुट, अस्त्र शस्त्र आदि के



कीमतों में 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे कलाकरों की प्रॉफिट में कमी आई है।

इधर नगर की दुर्गा सरस्वती समिति द्वारा भी पंडाल को सजाने का कार्य किया जा रहा है। समिति के सदस्य पंडाल की साज-सज्जा, विद्युत व्यवस्था और अन्य तैयारियों में जुटे हैं। नवरात्रि के दौरान पंडाल में श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण देखने को मिलेगा।

नवरात्रि पर्व नजदीक आते ही नगर का माहौल भक्तिमय होने लगा है। विभिन्न समितियां अपनी-अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हैं, वहीं श्रद्धालु भी माता के दर्शन, पूजा-अर्चना और ज्योति कलश को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं।

लोकोत्सव मैदान में लगेंगी अस्थाई पटाखा दुकानें रामलीला मैदान में सजेगा कुम्हारों का दीया बाजार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इस संबंध में नगर पालिका परिषद में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्यामा पटेल, तहसीलदार यशवंत राज, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवकुमार यादव तथा स्थानीय पटाखा व्यापारियों एवं संबंधित हितग्राहियों की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में शहर में त्योहारी बाजार के दौरान बढ़ने वाली भीड़, यातायात दबाव तथा जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अस्थाई पटाखा दुकानों का संचालन लोकोत्सव मैदान में किया जाएगा। नगर पालिका परिषद द्वारा पटाखा व्यापारियों के लिए निर्धारित स्थल पर टीन शेड से व्यवस्थित घेराबंदी कर सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही आवश्यक सुरक्षा मानकों, प्रशासनिक दिशा-निर्देशों एवं अग्नि सुरक्षा संबंधी प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में स्थानीय कुम्हार भाइयों के हितों को भी प्राथमिकता देते हुए मिट्टी के दीयों एवं अन्य पारंपरिक सामग्री की दुकानें रामलीला मैदान में लगाए जाने का निर्णय लिया गया। इससे स्थानीय कारीगरों को पर्याप्त स्थान उपलब्ध होने के साथ-साथ त्योहारी सीजन में उनके उत्पादों के लिए बेहतर बाजार भी मिल सकेगा।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि त्योहार खुशी, उत्साह और आपसी सौहार्द का अवसर हैं। नगर पालिका की जिम्मेदारी है कि नागरिकों को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिले तथा व्यापारियों को भी अपना व्यवसाय करने के लिए व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि पटाखा दुकानों को लोकोत्सव मैदान में स्थानांतरित करने का निर्णय किसी परंपरा को रोकने के लिए नहीं, बल्कि जनसुरक्षा, यातायात व्यवस्था और व्यवस्थित बाजार के लिए लिया गया है, दीयों की दुकानों के लिए रामलीला मैदान में व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है, ताकि कुम्हार भाइयों को बेहतर बाजार मिले और नागरिकों को भी आसानी से मिट्टी के दीये उपलब्ध हो सकें।

घोषणा किए जाने के बावजूद क्रियानवयन नही होने पर नाराजगी

कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने, कर्मचारियों ने बांधी काली पट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा की घोषणा बजट में किए जाने के बावजूद योजना के क्रियान्वयन में हो रही देरी को लेकर कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। कैशलेस चिकित्सा सेवा कर्मचारी कल्याण संघ के आह्वान पर कर्मचारियों ने 5 से 7 अक्टूबर तक तीन दिवसीय शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया।

संघ की प्रदेश अध्यक्ष ऊषा चंद्राकर एवं संरक्षक राकेश सिंह के मार्गदर्शन में कर्मचारियों ने अपने-अपने कर्तव्यस्थल पर काली पट्टी बांधकर विभागीय दायित्वों का निर्वहन किया। संघ का कहना है कि प्रदेश के सभी 33 जिलों के कर्मचारी कैशलेस





चिकित्सा योजना को जल्द लागू किए जाने की मांग कर रहे हैं।

इसी क्रम में बलौदाबाजार जिला मुख्यालय में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया और शासन को योजना के शीघ्र क्रियान्वयन की मांग को लेकर स्मरण कराया।

कार्यक्रम में संघ के प्रदेश संयोजक रमेश कुमार नेगी, संतोष कुमार साहू, अजय निषाद, विजय नायक, कौशिकमुनि त्रिपाठी, डॉली जोसफ, दमयंती सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। संघ के प्रदेश संयोजक रमेश कुमार नेगी ने बताया कि कर्मचारियों की मांग है कि कैशलेस चिकित्सा सुविधा को बिना किसी और विलंब के प्रभावी रूप से लागू किया जाए।

